E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03 / भू0अ0नि0 (3) संविदा SSA (फर्जी)– 16 / 2026 .....पटना, दिनांक :.....

आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का पत्रांक– 12433 दिनांक 12.06.2024 एवं पत्रांक– 12634 दिनांक 29.06.2024 के आलोक में सुश्री प्रिया कुमारी (Emp. ID- AEN06977) का नियोजन संविदा आधारित विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर में पदस्थापित किया गया।

तत्पश्चात नियोजन के समय सुश्री कुमारी द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र एवं अंकपत्रों की प्रमाणिकता की जांच / सत्यापन हेतु निदेशालय के पत्रांक– 658 दिनांक 24.02.2026 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय यथा Pacific Academy of Higher Education And Research University, Udaipur को भेजा गया। तदालोक कुल सचिव, पेसिफिक उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान अकादमी विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान) के क्रम संख्या– 2025-26/4676 दिनांक 27.02.2026 द्वारा सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया है, जिसमें सुश्री कुमारी के प्रमाण–पत्र एवं अंकपत्र को विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत नहीं करने की पुष्टि करते हुए प्रमाण–पत्र को फर्जी / जाली होने का उल्लेख किया गया है।

एतद् संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप निदेशालय पत्रांक– 2243 दिनांक 08.07.2026 द्वारा सुश्री कुमारी को एकपक्ष में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। तथापि, निर्धारित अवधि के उपरान्त भी इनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित नहीं किया गया।

ऐसी स्थिति में उपलब्ध अभिलेखों, विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सत्यापन प्रतिवेदन तथा सुश्री कुमारी द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने के आलोक में यह निष्कर्ष स्थापित होता है कि सुश्री कुमारी ने असत्य / फर्जी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के आधार पर संविदा नियोजन प्राप्त किया है, जो नियोजन के मूल शर्त्तों का गंभीर उल्लंघन है। फलस्वरूप इनका संविदा नियोजन समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों, उपलब्ध अभिलेखों एवं विश्वविद्यालय के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन (संशोधन) नियमावली, 2022 एवं Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में सुश्री प्रिया कुमारी (Emp. ID- AEN06977), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर का संविदा नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

ह0 / –
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) संविदा SSA (फर्जी)– 16 / 2026 3970 **पटना, दिनांक** : 06/11/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6-11-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) संविदा SSA (फर्जी)– 16 / 2026 3970 **पटना, दिनांक** 06/11/2026

प्रतिलिपि : सुश्री प्रिया कुमारी (Emp. ID- AEN06977), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

6-11-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) संविदा SSA (फर्जी)– 16 / 2026 3970 **पटना, दिनांक** 06/11/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं R2R के अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

6-11-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप।